# दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

दिनांक 14/08/2025

पत्रांकः 1976 /यू0जी0सी0/2025

## सूचना

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली के सचिव के साथ सभी नोडल अधिकारियों की आनलाईन बैठक दिनांकः 06.08.2025 में सचिव, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने निम्न बिन्दुओं पर कड़ाई से कार्य करने का निर्देश दियाः—

1- आयोग द्वारा संचालित विभिन्न फेलोशिप में पंजीकृत शोधार्थियों से उनके देयक प्रपत्र प्राप्त करते समय उनकी 80 प्रतिशत उपस्थिति का भी प्रपत्र प्राप्त करें।

2- आयोग द्वारा संचालित विभिन्न फेलोशिप में पंजीकृत शोधार्थियों का देयक उसी माह में इनिशिएट किया जाय।

3- आयोग द्वारा संचालित विभिन्न फेलोशिप में पंजीकृत शोधार्थियों का एच0आर0ए0 समय—समय पर अपग्रेड किया जाय।

4- विश्वविद्यालय के सभी विभागों पर दबाव बनाया जाय के वे ऐसे सभी शोधर्थियों को प्रत्येक माह फेलोशिप एवं एच0आर0ए0 तथा प्रत्येक तीन माह पर कन्टीजेन्सी का प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु प्रेरित करें।

5- आयोग द्वारा संचालित विभिन्न फेलोशिप में पंजीकृत शोधार्थियों द्वारा एक साथ छ माह अथवा उससे अधिक का देयक प्रपत्र प्रस्तुत किया जाता है तो सम्बन्धित विभागाध्यक्ष से कारण पूछें।

अतः विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा स्वीकृत विभिन्न फेलोशिप में पंजीकृत शोधार्थियों को निर्देश दिया जाता है कि सचिव, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन में अपना प्रस्ताव प्रस्तुत करने का कष्ट करें।

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. समस्त विभागाध्यक्ष को इस आशय से प्रेषित कि वे उक्त व्यवस्था का अनुपालन कड़ाई से करवाने का कष्ट करें।
2. प्रभारी वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि वे उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
3. सचिव कुलपति, कुलपति जी के आलोकनार्थ।

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner